पढे चलो. बढे चलो

# मासिक अभ्यास प्रश्न ( माह –जुलाई )

## सत्र 2024 – 25

## कक्षा – 11 वी

### विषय –हिन्दी

स्टेट असेसमेंट सेल

लोक शिक्षण संचालनालय , म.प्र. ,भोपाल

**मासिक अभ्यास प्रश्न ( माह –जुलाई )**

**कक्षा – 11 वी**

**विषय – हिन्दी**

**शिक्षकों से अपेक्षा –**

- यह प्रश्न शैक्षणिक कैलेंडर में दिए मासिक पाठ्यक्रम पर आधारित हैं।
- प्रश्नों का अभ्यास माध्यमिक शिक्षा मंडल की अंक योजना को ध्यान में रखते हुए कराया जाए।
- इन प्रश्नों के अतिरिक्त अन्य प्रश्न भी शिक्षक द्वारा तैयार कर कक्षा में अभ्यास कराया जाए।
- रिक्तस्थान दोनों ( उत्तर के दो/तीन विकल्प के साथ अथवा बिना किसी विकल्प के ) प्रकार से पूछे जा सकते हैं। विकल्प न होने की स्थिति में रिक्तस्थान के उत्तर पाठ्यक्रम के अनुसार दिए जाएँ ।
- उत्तरमाला शिक्षक स्वयं तैयार करें एवं विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करें।

**डिस्क्लेमर- यह प्रश्न अभ्यास मात्र के लिए हैं ,यह आवश्यक नहीं कि प्रश्नपत्र में यही प्रश्न पूछे जाएँगे।**

**सही विकल्प चुनकर लिखिए -**

1. कबीर दास को 'वाणी का डिक्टेटर ' किसने कहा है ?

अ. महावीर प्रसाद द्विवेदी ब. माखनलाल चतुर्वेदी

स. हजारी प्रसाद द्विवेदी द. आचार्य रामचंद शुक्ल

2. कबीरदास किसके समर्थक हैं ?

अ. प्रगतिवाद ब . अद्वैतवाद

स. दैतवाद द. मार्क्सवाद

3. 'नमक का दारोगा' पाठ के लेखक कौन हैं ?

अ. मन्नू भण्डारी ब. प्रेमचंद

स. सत्यजित राय द. कृष्णा सोवती

4. बदलू सिंह कौन था ?

अ. दारोगा ब. पुजारी

स. सिपाही द. पंडित

5. फिल्म 'पथेर पांचाली' कब प्रदर्शित हुई ?

अ. सन् 1954 ब. सन् 1956

स. सन् 1955 द. सन 1957

6. सत्यजित राय की फिल्में किस पर आधारित हैं ?

अ. बाल मनोविज्ञान पर ब. मनोरंजन पर

स. साहित्यिक कृतियों पर द. दर्शन पर

7. 'अपू के साथ ढाई साल' पाठ की विधा क्या है ?

अ. रेखाचित्र ब . संस्मरण

स. कहानी द. पटकथा

8. 'तुनकी ' क्या है ?

अ. पापड़ ब. रोटरी

स. सब्जी द. सलाद

9 किस फिल्म की शूटिंग ढाई साल चली ?

अ. अपू का संसार ब. अपराजिता

स सद्गति द. पथेर पांचाली

10. 'अपू के साथ ढाई साल' बांग्ला भाषा मूल से हिन्दी में अनुवाद किसने किया है ?

अ. सत्यजित राय ब. प्रेमचंद

स. मन्नूभण्डारी द. विलास गिते

11 . देव दुर्लभ त्याग किसने किया ?

अ. आलोपीदीन ने ब. वंशीधर ने

स. मुंशी जी ने द. बूढ़े दादा ने

12. मियाँ नसीरुद्दीन कौन थे ?

अ. नानबाई ब. नगीनासाज

स. रंगरेज द. आईनासाज

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए**

1. कबीर दास रचित 'बीजक 'ग्रंथ के ------------- भाग है।
2. 'जिंदगीनामा' की लेखिका ---------------------हैं।
3. 'मियाँ नसीरुद्दीन'-------------------- नामक संग्रह से लिया गया है।
4. प्रेमचंद मानते थे कि यथार्थवाद हमको------------------------ बना देता है।
5. 'नमक का दारोगा' का प्रथम प्रकाशन------------------------ वर्ष है ।
6. 'नमक का दारोगा' ---------------के ऊपर -----------------की जीत की कहानी है।
7. पंडित अलोपीदीन का -----------------------पर अखंड विश्वास था।
8. न्याय और नीति सब ----------------के ही खिलौने हैं ।
9. पं. अलोपीदीन इस अगाध वन के -----------------थे।

**सही जोड़ी बनाकर लिखिए –**

| अ | ब |
|---|---|
| 1. बरकत | क. वर्णन |
| 2. ओहदा | ख. विद्यालय |
| 3. मदरसा | ग. पदवी |
| 4. जिक्र | घ. कला |
| 5. हुनर | ड. वृद्धि |

**सत्य / असत्य लिखिए-**

1. 'नमक का दारोगा ' पाठ में सत्य निष्ठा, धर्मपरायणता, और कर्तव्यनिष्ठा को सम्मानित किया गया है।
2. लल्लो-चप्पो करना का तात्पर्य खुशामद भरी बातें करना होता है।
3. बाबू वंशीधर जमींदार था।
4. सरकारी कर्मचारी जरूरतमंद लोगों को खूब निचोड़ते (परेशान) हैं।
5. दारोगा कर्तव्य निष्ठ नहीं था।
6. पं. अलोपीदीन भ्रष्ट धनपतियों का प्रतिनिधि है।
7. 'नमक का दारोगा' कहानी में आदर्श और यथार्थ दोनों का संगम है ।
8. खिल्ली उड़ाना का तात्पर्य खुश होना है।
9. मियाँ नसीरुद्दीन छप्पन किस्म की रोटियाँ बनाने के लिए मशहूर हैं।
10. कबीर की भाषा सधुक्कड़ी है ।
11. कबीर परमात्मा के साकार रूप में आस्था रखते थे।
12. कबीर अक्खड़, फक्कड़ और निर्भीक स्वभाव वाले थे।
13. संचार जीवंत प्रक्रिया है।

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए -**

1. मासिक वेतन को पूर्णमासी का चाँद क्यों कहा गया है?
2. मियाँ मसीरुद्दीन ने नानबाई का धंधा किससे सीखा?
3. मानव शरीर किन पंच तत्वों से बना हुआ है ?
4. अपू की माँ का क्या नाम था ?
5. मियाँ नसीरुद्दीन की दुकान किस मुहल्ले में थी
6. कगारे का वृक्ष का अर्थ लिखिए ।
7. पौ-बारह का अर्थ लिखिए ।
8. पीर का मज़ार का अर्थ लिखिए ।
9. नमक के दफ्तर से एक मील पूर्व की ओर कौन सी नदी बहती थी?
10. पं. अलोपीदीन किस स्थान से थे ?
11. संचार शब्द की उत्पत्ति का मूल शब्द लिखिए।
12. ऑल इंडिया रेडियो की स्थापना भारत में कब हुई ?
13. 'हम तौ. एक एक करि जांनां' में निहित अलंकार लिखिए।
14. काव्य के भेद लिखिए।
15. प्रबंध काव्य के भेद लिखिए।

**लघु उत्तरीय प्रश्न**

1. ईश्वर प्रदत्त वस्तु क्या है? उसके निषेध के कारण क्या परिणाम सामने आए ?
2. 'दुनिया सोती थी पर दुनिया की जीभ जागती थी' पंक्ति से क्या आशय है ?

3. लोग नमक विभाग की नौकरी के लिए क्यों लालायित रहते थे ?
4. ओहदे को पीर का मज़ार क्यों कहा है?
5. वेतन एवं ऊपरी वेतन में क्या अंतर बताया गया है ?
6. कचहरी को अगाध वन क्यों कहा गया है?
7. जनसंचार के कोई दो कार्य लिखिए।
8. डिकोडिंग से क्या तात्पर्य है ?
9. जनसंचार के प्रमुख माध्यम कौन-कौन से है?
10. जनसंचार की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।
11. जनसंचार के दो महत्त्व लिखिए ।
12. ऑल इंडिया रेडियो की स्थापना कब हुई थी ?
13. लेखक प्रेमचंद के साहित्य की साहित्यिक विशेषताएं लिखिए।
14. मियां नसीरुद्दीन अखबार नफीसों के बारे में क्या राय रखते थे?
15. फिल्मकार को किसी फिल्म की शूटिंग करते समय किन समस्याओं का सामना करना पड़ता है ?
16. कबीर दास का काव्यगत शिल्प सौंदर्य लिखिए।
17. मानव शरीर का निर्माण किन पाँच तत्वों से हुआ है ?
18. कबीर ने स्वयं को दीवाना क्यों कहा है ?
19. प्रगतिवाद की दो विशेषताएं लिखकर प्रमुख दो कवियों के नाम लिखिए।
20. भक्ति काल को हिंदी साहित्य का स्वर्ण युग क्यों कहा गया है?
21. निर्गुण भक्ति धारा की दो विशेषताएँ बताते हुए दो कवियों के नाम लिखिए।
22. सगुण भक्ति धारा की दो विशेषताएँ बताते हुए दो कवियों के नाम लिखिए।
23. रीतिकाल की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।
24. छायावादी कविता की विशेषताएँ लिखिए।
25. प्रगतिवादी कविता की विशेषताएँ लिखिए।
26. प्रयोगवादी कविताओं की विशेषताएँ लिखिए।
27. नई कविता की विशेषताएँ लिखिए।
28. रहस्यवादी कविता की विशेषताएँ लिखिए।
29. महाकाव्य और खण्डकाव्य में अंतर लिखिए।
30. शब्दालंकार का एक उदाहरण लिखिए।
31. प्रबंध काव्य और मुक्तक काव्य में अंतर लिखिए।
32. वक्रोक्ति अलंकार की परिभाषा लिखिए।
33. वक्रोक्ति अलंकार का एक उदाहरण लिखिए।
34. उदाहरण अलंकार की परिभाषा एवं दो उदाहरण लिखिए ।
35. विशेषोक्ति अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

**निम्नलिखित विषयों का भाव पल्लवन कीजिए-**

1. साहित्य समाज का दर्पण है।
2. अज्ञान सर्वत्र आदमी को पछाड़ता है ।
3. क्रोध अंधा होता है ।
4. चरित्र सबसे बड़ा धन है ।
5. आज मर्यादाओं को फिर से पहचानना होगा।
6. सब उन्नति का मूल धर्म है।

**संवाद लेखन-**

1. एक महिला और सब्जी विक्रेता का संवाद लिखिए।
2. पिता-पुत्र में पढ़ाई को लेकर हुई बातचीत लिखिए।
3. आप अपने हिन्दी विषय के शिक्षक से परिचय प्राप्त करते हुए संवादों को लिखिए।
4. दो मित्रों में बढ़ती मँहगाई के विषय में बातचीत लिखिए।
5. किसी शरारत पर पिता से मिलने वाले संभावित दंड पर भाई -बहन में होने वाली बातचीत लिखिए।

**निम्नलिखित विषयों पर अनुच्छेद लिखिए –**

1. संगठन में शक्ति
2. विद्यार्थी और अनुशासन
3. व्यायाम से लाभ
4. खेलों का महत्त्व
5. देश के प्रति हमारा कर्तव्य
6. विज्ञान और कम्प्यूटर
7. कम्प्यूटर आज की आवश्यकता
8. आधुनिक शिक्षा प्रणाली
9. साइबर क्राइम व रोकथाम के उपाय
10. वैश्विक आपदा से निपटने में युवाओं की भूमिका

**निम्नलिखित विषयों पर विज्ञापन लिखिए –**

1. हस्तकला के प्रचार प्रसार के लिए हाथ से बनी किसी वस्तु की बिक्री हेतु एक विज्ञापन बनाकर लिखिए।
2. पुस्तकों की दुकान का एक विज्ञापन बनाकर लिखिए।
3. सौंदर्य प्रसाधन सामग्री बिक्री के लिए एक विज्ञापन लिखिए।
4. आपकी दुकान इलेक्ट्रॉनिक सामान जैसे फ्रिज ,कूलर, प्रेस इत्यादि की है इसकी बिक्री के लिए एक विज्ञापन लिखिए ।

---